## खबर संक्षेप



### भूतेश्वरनाथ की लखमा की पत्नी ने की पूजा

**गरियाबंद।** बस्तर लोकसभा प्रत्याशी दादी कवासी लखमा की पत्नी श्रीमती कवासी बुधरी आज गरियाबंद जिले में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग भगवान भूतेश्वर नाथ के दरबार में पूजा करने पहुंची। दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना कर वे वापस लौट गई। कवासी बुधरी ने बताया कि वे कई सालों से बाबा भूतेश्वरनाथ में पूजा अर्चना करने आते रही है। और भगवान भोलेनाथ यहां सभी की मनोकामना पुरी करते है, दादी कवासी लखमा भी यहां आ चुके है, आपको बता दें दादी कवासी लखमा बस्तर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी है पहले चरण में बस्तर का चुनाव हो चुका है। दादी लखमा अपने खास अन्दाज और बेबाक बयान के लिए पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान काफी चर्चे में रहे।

### छिन्द फल से लदा वृक्ष



**मैनपुर।** इन दिनो मैनपुर क्षेत्र मे छिन्द फल से पूरा वृक्ष लद गया है। आने वाले कुछ दिनों में यह फल पक जायेगा और बाजार मे बिकने पहुंचेगी। स्वाद मे काफी मीठा और शरीर के लिए काफी पोष्टिक बताये जाने वाला छत्तीसगढ़ के खजूर के नाम से मशहूर छिन्द का फल सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। क्षेत्र में दो तरह के छिन्द पाये जाते है। एक पेड़ मे विशाल वृक्ष के ऊपर फलता है और दूसरा छोटे-छोटे बूटा पौधे मे छिन्द का फल होता है। दोनों छिन्द का फल तैयार होने लगे है।

### स्काउट गाइड ने मतदाता मित्र के रूप में किया कार्य



**गरियाबंद।** जिले के पांचो विकासखंड के स्काउट-गाइड व रोवर -रेंजर ने सहयोग कर मतदान दिवस के दिन भिन्न-भिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता मित्र के रूप में दिव्यांग, निशक्तजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान कराने में विशेष सहयोग किए। इसके साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं को पानी पिलाने, लाईन लगवाने, जैसे कई सेवा कार्य पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किए। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

### दुर्गा ने गृह ग्राम में किया मतदान




**गरियाबंद।** नगर की गर्भवती माता दुर्गा सिन्हा पति दिग्विजय सिन्हा (27 वर्ष) ने मजबूत लोकतंत्र के लिए 55 किमी दूर अपने गृह ग्राम में पहुंच कर मतदान किया। गर्भवती माता दुर्गा के इस साहस की हर किसी ने प्रशंसा की। दुर्गा गर्भवती होने के बाद भी अपने वर्तमान पता गरियाबंद से अपने गृह ग्राम सोरिद मतदान केंद्र क्रमांक 56 मे 2 बजे अपरान्ह पहुंच कर मतदान किया।

## समस्या : राशन सामग्री खरीदने के लिए 10 किमी दूर पैदल पहुंचते हैं बरदूला तब मिल पाता है राशन

# डूमरघाट के ग्रामीण आज भी सड़क, बिजली शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं से हैं वंचित

खास खबर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासियों को आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। गांव के विकास के लिए शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है। योजनाओं के मूताबिक शासन प्रशासन के रिकॉर्ड में सभी ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 20 किलो मीटर दूर घनघोर जंगल के अंदर बसे ग्राम डुमरघाट आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट की जनसंख्या लगभग 230 के आसपास है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी के साथ अन्य समाज के लोग भी निवास करते हैं। आज भी इस गांव में पहुचंने के लिए पक्की सड़क नहीं है। पगडण्डीनुमा जंगली रास्ता को पार कर ग्रामीणों को आना-जाना करना पड़ता है। गांव में बिजली नहीं है स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल जैसी समस्या बनी हुई है। ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव, सरपंच सहदेव सांडे, देवी सिंह कमलेश, अमरसिंह कश्यप ने हरिभूमि को बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह हमारे ग्राम पंचायत बोईरगांव में दो बार हेलिकॉप्टर से पहुंचे वर्ष 2007 में जब बोईरगांव के बेहराडीही पहुंचे थे। तो तत्काल बिजली विभाग के आला अफसरों को हजारों लोगों की उपस्थिति में आदेश दिया था कि 06 माह के अंदर हर हाल में डुमरघाट में बिजली लगाई जाए। लेकिन घोषणा और वायदा करने के बाद आज तक बिजली नहीं पहुंची। आज डुमरघाट के ग्रामीण आज भी लालटेन के भरोसे जिवन यापन करने मजबूर हैं।





### गांव में बिजली और सड़क प्रमुख मुद्दा

ग्राम पंचायत बोईरगांव के सरपंच सहदेव सांडे पूर्व जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुरव ने बताया कि डुमरघाट में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के घोषणा के बाद बिजली नहीं लग पाया अब छत्तीसगढ में फिर भाजपा की सरकार बनने से यहां बिजली लगने की उम्मीद है, गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है, राशन लेने के लिए ग्रामीण 10 किलोमीटर पैदल आते है घटना दुर्घटना की स्थिति और महिलाओं को डिलवरी में भारी परेशानी होती है, गांव में बिजली और सड़क प्रमुख मांग है।

### एक नदी को सात बार करना पड़ता है पार, नहीं पहुंच पाती एंबुलेंस

ग्राम बोईरगांव से डुमरघाट लगभग 10 किलो मीटर है पंगडडी नुमा जंगली सड़क रास्तों से होकर बामुश्किल यहां पहुंचा जाता है। एक नदी को सात बार पार करना पड़ता है। पुल पुलिया सड़क की मांग लंबे वर्षों से किया जा रहा है। पुल पुलिया नहीं होने के कारण एंबुलेंस सुविधा भी नहीं मिल पाता। गंभीर दुर्घटना की स्थिति में कांवर और खाट में लिटाकर मरीजों और घायलों को अस्पताल तक लाना पड़ता है। गांव में पेयजल स्वस्थ शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए आजादी के 75 वर्षों बाद भी लोग तरस रहे हैं। यहां प्राथमिक शाला में कोई शिक्षक नहीं है। मिडिल स्कूल के शिक्षक हीरालाल बरिहा प्राथमिक शाला के बच्चों को भी पढ़ाई करवाते हैं स्कूल भवन की हालत जर्जर है।

### जनता ने अपना निर्णय ईवीएम में दर्ज किया : रूपकुमारी



**गरियाबंद/राजिम।** भारतीय जनता पार्टी की महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस की घोर जनविरोधी नीतियों और पाखंडपूर्ण राजनीति से पूरी तरह मुक्ति चाहती है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अनथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री साय किशोर को ले गए अपने निवास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**



शुक्रवार की शाम शहर से लगे ग्राम पिपरौद में जंगी सभा होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने नवापारा शहर के वरिष्ठ युवा नेता किशोर देवांगन को अपने साथ गाड़ी में बिठाकर राजधानी रायपुर के लिए निकल गए। बता दें कि सीएम श्री साय रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सभा समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय जाते-जाते अपने साथ नवापारा निवासी युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन को अपने ही कार में बिठाकर सीएम निवास ले गए। देवांगन को मुख्यमंत्री श्री साय के साथ जाते देखकर सभा स्थल पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर किया है। चूंकि ऐसा मौका गिने-चुने लोगों को ही मिल पाता है। इस संवाददाता से चर्चा करते हुए श्री देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री साय से उनका आत्मीय संबंध काफी पुराना है। 2 वर्ष पूर्व जब श्री साय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे, तो श्री साय देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में भी शामिल हुए थे। श्री देवांगन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 11 सीट व रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल लाखो वोटो से जीत हासिल करेंगे।

## पूर्व सरपंच राजू पाल सहित पंचों ने किया भाजपा में प्रवेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**



विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में पटेवा सरपंच भेनमति पाल, पूर्व सरपंच राजू पाल सहित अनेको पंचो ने भाजपा में प्रवेश किया। उन्हें विधायक इंद्रकुमार साहू ने भगवा गमछा पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया। इस दौरान नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव,महामंत्री नवल साहू, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद सौरभ जैन, विहिप नेता मुकुंद मेश्राम, संजय साहू, धीरज साहू, प्रेम साधवानी, किसान मोर्चा महामंत्री कैलाश तिवारी, महिला मोर्चा के धनमती साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्रीसाहू ने कहाकि भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है। आज ये सभी किसी पार्टी में नहीं बल्कि देश के सबसे बड़े परिवार के साथ जुड़ रहे है। निश्चित रूप से यह सब भाजपा की अच्छी व सच्ची रणनीति का परिणाम है। उन्होंने सभी नवप्रवेशी को बधाई देते हुए उन्हें अपने परिवार में स्वागत किया. जिन्होंने भाजपा प्रवेश किया उनमे पटेवा सरपंच भेनमति पाल, पूर्व सरपंच राजू पाल, पंच मिथलेश साहू, तरुण ध्रुव, रुपेश साहू, राम श्याम शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, कोमल तारक, शिवनारायण साहू, लक्की साहू, वेदप्रकाश साहू, सूरज साहू व मोरधु यादव शामिल है।



## कलशयात्रा के साथ मानस गान शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)**

छुरा विकास खण्ड के ग्राम कोरासी, जुनवानी पाटशिवनी में तीन दिवसीय संगीतमय श्री राम चरित मानस गान सम्मेलन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न गली से होते हुए प्रत्येक घर के सामने बाजे -गाजे के साथ जय श्री राम के जयकारे के लगाते हुए भजन कीर्तन करते हुए सीता राम लक्ष्मण और राम भक्त हनुमान के सुंदर झांकी के साथ नगर भ्रमण किया। महाराज संदीप पांडे के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना पश्चात संगीतमय मानस गान का शुभारंभ हुआ। प्रथम प्रस्तुति राम रमैया मानस परिवार कोरासी ने अपनी प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी लगे हुए। संचालन देवनारायण यदु,पुरन लाल निषाद ने किया।

## बृजमोहन के लिए कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से किया संपर्क



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा वैसे-वैसे भाजपा के कार्यकर्ताओं का प्रचार प्रसार बढ़ते जा रहा है। कड़ी दोपहरी के 42 डिग्री तापमान पर अपने नेता को जिताने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक श्रीरामलला के पूजा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्लेक्स को दीवार में लगाते और जय जय श्री राम, भारत माता की जय के उदघोष करते हुए भाजपाई को देखकर मतदाताओं में भी खुशी देखने को मिल रही है। इस काम में टीकम साहू ,शिवकुमार साहू, राकेश यदु, गोपाल राम,भोज तारक, हुमनलाल,रोहित साहू, शोभा राम, राधिका ध्रुव, दीनदयाल रावत, डेविड सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में वोट मांगते घूम रहे है।

## विधायक ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने शुक्रवार को नगर पंचायत के सभी बूथों पर दौरा कर मतदान की जानकारी ली। उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव भी शामिल थे। उसके बाद विधायक रोहित साहू जामगांव सहित ग्रामीण अंचलों के बूथों की जानकारी लेने निकले। सभी जगह शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संतोश व्यक्त किया। वहीं पर बताया भारी मतदान प्रत्यासी रूपकुमारी चौधरी की जीत को सुर्निि"चत करेगी।लोगो ने मोदी पर विश्वास कर अधिक से अधिक मतदान किया है।

### चुनाव में लगे कर्मचारियों ने मतदान केंद्र की व्यवस्था को सराहा

**नगरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने कहा कि जिला प्रशासन के बेहतर नेतृत्व के कारण भीषण गर्मी में भी मतदान का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव से ज्यादा रहा।













